स्टर्लिंग एंड विल्सन नये मुकाम पर पहुंचा

मुंबई, स्टर्लिंग एंड विल्सन, सोलर पीवी क्षेत्र में एक प्रभावशाली वैश्विक कंपनी, ने स्वीहन, एमिरेट्स ऑफ अबू धाबी में दुनिया के सबसे बड़े सिंगल लोकेशन सोलर पीवी प्लांट के लिए टर्नकी इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट एवं निर्माण का ठेका प्राप्त किया है।

यह परियोजना ११७७ एमडब्लूपी की क्षमता प्रदान करेगी और चीन में सबसे बड़े ८५० एमडब्लूपी सिंगल लोकेशन से आसानी से आगे निकल जायेगी। इस परियोजना पर पहले से ही काम चल रहा है, और यह अद्भुत संयंत्र ७.८ वर्ग किमी के मरूस्थल क्षेत्र में फैला हुआ है। इसके महज २३ महीनों के रिकॉर्ड समय में ग्रिड के साथ पूरी तरह एकीकृत होने की संभावना है। सबसे प्रमुख, यह प्रोजेक्ट पीवी सोलर के इतिहास में दर्ज सबसे कम बोली में दिया गया है।

इस संयंत्र को मरूबेनी, जापानी इंटीग्रेटेड ट्रेडिंग एवं इन्वेस्टमेंट दिग्गज और जिंको, सोलर उद्योग में वैश्विक अग्रणी और अबू धाबी वाटर एंड इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी (एडीडब्लूईए) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया जा रहा है। कंसोर्टियम ने सफलतापूर्वक २.४२ सेंट्स प्रति किलोवाट घंटा के टैरिफ की बोली लगाई। यह सोलर पावर के लिए सबसे कम लागत है। यह क्लीन एनर्जी के आशावान भविष्य का सकारात्मक निरूपण है और जीवाश्म ईंधन द्वारा समर्थित बिजली संयंत्रों के प्रभुत्व को कम करती है।

यह प्रतिष्ठित परियोजना एमिरेट्स ऑफ अबू धाबी में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी और दुनिया के दीर्घकालिक पर्यावरणीय प्रबंधन के विजन के मुताबिक क्लीन एनर्जी/कम कार्बन विकास के इस्तेमाल के जरिये अपने स्थात्विपूर्णता एवं ऊर्जा विविधीकरण के उद्देश्य को हासिल करेगी।